## आशापुरा माता धाम में नवरात्र की धूम

**ब्यावर, (निसं)।** उदयपुर रोड स्थित आशापुरा माता धाम में गत 7 दिवस से चैत्र नवरात्रा महोत्सव का आयोजन धूम धाम से किया जा रहा है। इस दौरान प्रतिदिन माँ आशापुरा के मनमोहक श्रृंगार के साथ-साथ प्रातः व सायं माता जी की विशेष आरती की जा रही है। प्रतिदिन सायं 7.00 बजे से रात्रि 10 बजे तक मंदिर परिसर में सुमुधुर भजन संध्या आयोजित की जा रही है, जिसमें हजारों भक्तगणों ने उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त किया है।

इस महोत्सव के दोरान प्रतिदिन माँ का मनमोहक श्रंगार के साथ मंदिर परिसर को नयनाभिराम विभिन्न सज्जा व फूलों से सजाया जा रहा है।मंगलवार को अष्टमी का मेला भरा गया, जिसमे शहरी और ठाामीण क्षेत्र के हजारो भक्तो ने भाग लिया। प्रातकालीन आरती के बाद दिन भर दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा माताजी का दिव्य और भव्य स्वरूप दर्शनीय था।

एक भक्तगण के सौजन्य से माताजी के निज कक्ष की मनमोहक झांकी व सम्पूर्ण मंदिर को लाईटो से व फूलो से सजाया गया। मोगरा, चमेली, गुलाब, गेंदों सहित कई प्रकार के फूलों से किए गए श्रृंगार से सौन्दर्य में अनुपम वृद्धि हो गयी। भक्तजनों द्वारा भंडारे लगाए, जिसमें माता के भक्तो ने सब्जी पूरी, आलू छोले, शर्बत का लाभ उठाया। अष्टमी मेले में देश की सुप्रसिद्ध मनोज रिया एंड पार्टी, दिल्ली द्वारा एक से एक बढ़कर संगीतमय भजनों व झांकियों की प्रस्तुति दी गयी।

# भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा नमो युवा सम्मेलन में युवाओं ने भरी हुंकार

**ब्यावर, (निसं)।** मंगलवार को फतेहपुरिया बगीची में संपन्न हुआ।सम्मेलन के मुख्यवक्ता लोकसभा सह संयोजक सभापति नरेश कनोजिया थे। अध्यक्षता विधानसभा प्रभारी जय किशन बल्दुआ ने की और विधानसभा संयोजक प्रधान गणपत सिंह रावत बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। मुख्यवक्ता नरेश कनोजिया ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा आज प्रत्येक युवा प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत के निर्माण हेतु दृढ़संकल्पित है।



भारतीय जनता युवा मोर्चा ब्यावर विधानसभा द्वारा नमो युवा सम्मेलन फतेहपुरिया बगीची में मुख्य वक्ता नरेश कनोजिया ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

उन्होंने कहा युवा ही क्षेत्र की दशा और दिशा तय करते है और राजसमंद लोकसभा क्षेत्र के युवा इस बार भी भाजपा के पक्ष में मतदान कर बडे अंतर से भाजपा प्रत्याशी महिमा कुमारी को विजयी बनाएँगे। कनोजिया ने केंद्र व राज्य की भाजपा सरकारों द्वारा युवाओं के उत्थान के लिए चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं व उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की।समग्र युवा वर्ग मोदी जी को तीसरी बार चुनकर प्रधानमंत्री बनाने के लिए तैयार बैठा है।

कार्यक्रम अध्यक्ष बल्दुआ एवं विशिष्ट अतिथि प्रधान रावत ने अपने सम्बोधन में मोदी सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में भाजपा के पक्ष में मतदान करने का आव्हान किया। युवा सम्मेलन को पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत, पूर्व उपाध्यक्ष अजय चंदेल,भाजयुमो जैतारण विधानसभा संयोजक विकास सांचौरा, पूर्व सभापति शशिबाला सोलंकी ने भी सम्बोधित किया। भाजयुमो ब्यावर विधानसभा संयोजक भरत कुमार मंगल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में पूर्व मण्डल अध्यक्ष मुरली तिलोकानी, विधानसभा विस्तारक राम अवतार सैनी, बलवीर रावत, इंदु शर्मा, अमित बंसल, सुमित जूलीयस, गणपत गोवल, शानू बागड़ी, रवि टाक,यश खण्डेलवाल, निशांत सिंहल,गजेंद्र सिंह रावत, वसीम, मेहबूब, ईश्वर तंवर, मनोज राज तंवर, पिंटू रावत, राहुल राजपूत बिट्टू कुमावत, अन्ना साहू, मोनू पंवार, हर्ष गर्ग, मोहित सोडा, प्रखर शर्मा, सचिन भदौरिया सहित अनेक युवा उपस्थित रहे।

## भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव 19 से

**भीलवाड़ा, (निसं)।** आगामी 19 से 21 अप्रैल तक भगवान महावीर का तीन दिवसीय जन्म कल्याणक महोत्सव सामूहिक रूप से मनाया जाएगा ।

यह जानकारी देते हुए आयोजन समिति के संयोजक सुशील कुमार चपलोत ने प्रेस वार्ता में बताया कि सकल श्वेतांबर जैन समाज भीलवाड़ा के संयुक्त तत्वाधान में भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाएगा, तीन दिवसीय आयोजन के तहत प्रथम दिन सामूहिक नवकार मंत्र का जाप होगा एवं प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी रात्रि में संगीत मय भक्ति संध्या का आयोजन रखा गया है।

जिसमें भगवान महावीर के आदर्श एवं उनके उपदेशों से ओतप्रोत संगीतमय भजन एवं भक्ति का कार्यक्रम आयोजित होगा , प्रातः प्रभात फेरी, अभिषेक एवं ध्वजारोहण के बाद शोभायात्रा निकाली जाएगी। तीसरे दिन रक्तदान एवं स्नेह भोज का आयोजन रखा गया है।

समिति के कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार डांगी ने 21 अप्रैल को जैन समुदाय से जुड़े सभी प्रतिष्ठानों को बंद रखने की अपील की है। प्रेस वार्ता में संरक्षक कंवर लाल सूरिया, उप संयोजक निर्मल गोखरू, मंजू पोखरना, मीडिया प्रभारी निलेश कांठेड़ सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## सार-समाचार

### अजमेरा परिवार को स्वर्णिम अवसर मिला



**मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)।** किशनगढ़ निवासी अजमेरा परिवार को सरवाड में आयोजित महामहोत्स्व में शोभाग्य प्राप्त हुआ। आदिनाथ भगवान की पावन अनुकम्पा एवं गुरुओं की पावन प्रेरणा से आचार्य सुनील सागर महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में आदिनाथ मंदिर सरवाड़ में आयोजित आदिनाथ जिनबिम्ब पंचकल्याणक महामहोत्सव में महावीर भगवान व मल्लीनाथ भगवान की प्रतिमा को नवीन वेदी पर विराजमान करने का स्वर्णिम सुअवसर किशनगढ़ निवासी महावीर प्रसाद, शांति देवी, अनिल कुमार, सुशील कुमार (पार्षद) इंद्रा, चिराग, रजत अजमेरा परिवार को मिला।

### होम वोटिंग में दिखा उत्साह

**अजमेर, (कासं)।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए निर्वाचन विभाग द्वारा करवाई गई होम वोटिंग में मंगलवार को मतदाताओं में भारी उत्साह नजर आया। रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. भारती दीक्षित ने बताया कि अजमेर संसदीय क्षेत्रा में मंगलवार के लिए चयनित 719 पात्रा मतदाताओं ने होम वोटिंग की। इनमें 557 वृद्धजन तथा 162 दिव्यांग मतदाता है। होम वोटिंग करने वालों में विधानसभा क्षेत्रा दूदू के 161 में से 145 वृद्धजन तथा 16 दिव्यांग, किशनगढ़ के 41 में से 31 वृद्धजन तथा 10 दिव्यांग, पुष्कर के 87 में से 67 वृद्धजन तथा 20 दिव्यांग, अजमेर उत्तर के 89 में से 69 वृद्धजन तथा 20 दिव्यांग, अजमेर दक्षिण के 50 में से 32 वृद्धजन तथा 18 दिव्यांग, नसीराबाद के 96 में से 78 वृद्धजन तथा 18 दिव्यांग, मसूदा के 75 में से 59 वृद्धजन तथा 16 दिव्यांग एवं केकड़ी के 120 में से 76 वृद्धजन तथा 44 दिव्यांग मतदाताओं ने अपने घर पर मताधिकार का प्रयोग किया। होम वोटिंग के लिए पात्रा मतदाताओं में से 12 मतदाताओं की मृत्यु हो गई थी। इनमें दूदू के 4, पुष्कर के 2, अजमेर दक्षिण के 3 तथा नसीराबाद के 2 तथा मसूदा का एक मतदाता शामिल है।

### गहलोत ने जनसभा की

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भ्रष्टाचार मुक्त भारत का सपना दिखाकर देश में भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत मंगलवार को आजाद पार्क में अजमेर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी रामचंद्र चौधरी के समर्थन में आयोजित आमसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मुंह से भ्रष्टाचार मुक्त भारत का नारा शोभा नहीं देता है। उन्होंने कहा कि देश के विपक्षी दलों के 25 दिग्गज नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले थे उनके द्वारा भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करते ही वह पाक दमन हो गए। पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत ने तंज करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी भ्रष्टाचारियों का आश्रय स्थली है। भ्रष्टाचारी भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन करते ही भाजपा की वाशिंग मशीन में साफ सुथरा हो जाता है।

### मेले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**ब्यावर, (निसं)।** श्री माधोपुरिया मोहल्ला गणगौर समिति के तत्वाधान में माता गणगौर ईसर जी सहित विराजित की गई जिसमें माता रिद्धि सिद्धि, शेषनाग, विष्णु भगवान, माता लक्ष्मी जी, गजराज व मयूर कृति ढोल की मधुर थापो के बीच स्थापित की गई जिसमें किशन गोपाल अरोड़ा, पंकज सिंघल सत्यनारायण शर्मा, महेश दवे, निशांत मंगल, गौरव गर्ग, त्रिलोक बाबेल,गोविंद गोयल, नारायण शर्मा, कमलेश गर्ग राजकुमारी गर्ग, करुणा अग्रवाल, रितु सिंगल, कृष्ण गोयल, ममता लोहिया, अर्पिता सिंगल,सहित गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी रही है। आज बच्चों का डांस कंपटीशन रखा गया इसमें सर्वश्रेष्ठ बच्चों को पुरस्कृत किया गया। आज विजय बुलंद,गोपाल शर्मा, कमलेश गर्ग, सुन्दर बाबेल, किशन गर्ग, को उपर्णा पहना कर स्वागत किया गया।

### रामनवमी पर भव्य शोभा यात्रा आज

**मसूदा, (निसं)।** मसूदा कस्बे में बुधवार को रामनवमी के पावन पर्व पर भव्य शोभायात्रा निकल जाएगी यह शोभा यात्रा मसूदा स्थित अखाड़े वाले बालाजी मंदिर परिसर से सुबह 10 बजे भगवान श्री राम की शोभायात्रा निकल जाएगी ।नव संवत्सर समिति के तत्वाधान में होने वाले कार्यक्रम में आयोजकों ने सभी धर्म प्रेमियों से भाग लेने की अपील की। जानकारी के अनुसार इस कार्यक्रम में अखाड़ा दल द्वारा अपने शौर्य का प्रदर्शन किया जाएगा।

### 26 को नरेगा कार्यों का रहेगा अवकाश

**अजमेर, (कासं)।** अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वय एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक खन्ना ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव-2024 के अन्तर्गत अजमेर जिले में मतदान दिवस 26 अप्रेल को महात्मा गांधी नरेगा श्रमिकों को संवैतनिक अवकाश देय होगा।

### राजकीय संग्रहालय में निःशुल्क प्रवेश

**अजमेर, (कासं)।** पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के वृत्त अधीक्षक हेमेन्द्र कुमार अवस्थी ने बताया कि विश्व विरासत दिवस के उपलक्ष्य में गुरूवार को पर्यटकों के भ्रमण के लिए राजकीय संग्राहालय अजमेर एवं राजकीय संग्राहलय, शाहपुरा एवं वृत्ताधीन समस्त स्मारकों को देशी- विदेशी पर्यटकों एवं आमजन के लिए निःशुल्क प्रवेश रहेगा।

### कन्याओं को भोजन करवाया

**सरवाड़, (निसं)।** चैत्र नवरात्रा के मौके पर दुर्गा अष्टमी पर कन्याओं की पूजा कर व भोजन करवाकर आशीर्वाद लिया वहीं शहर के प्रसिद्ध बंक्यारानी माताजी के अष्टमी के मौके पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा शहर सहित आस पास के गांवों के लोग मंदिर पहुंचकर मातारानी का आशीर्वाद लिया।

# राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस

## पुलिसकर्मियों की समस्याओं व सुझावों को सुना



पुलिस अधीक्षक कार्यालय में राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस पर संपर्क सभा का आयोजन किया।

**ब्यावर, (निसं)।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस पर संपर्क सभा का आयोजन किया गया। जिसमें जिला पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह ने उपस्थित पुलिस कर्मियों को पुलिस महानिदेशक राजस्थान का संदेश पढ कर सुनाया व पुलिस कर्मियों की समस्याओं व सुझावों को सुना।

लोक सभा चुनाव 2024 आचार संहिता के मध्यनजर राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस औपचारिक रूप से मनाया गया। इस आयोजन में वृत्ताधिकारी वृत्त राजेश कसाना, गंगाराम थानाधिकारी पुलिस थाना सदर,नाहर सिंह थानाधिकारी ब्यावर सिटी, मूलचंद थानाधिकारी बार सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## रामनवमी पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन

**ब्यावर, (निसं)।** स्टेशन रोड,कैमल सर्कल के पास स्थित श्री हनुमंतेश्वर बालाजी मंदिर पर रामनवमी और दुर्गा नवमी के अवसर पर विशेष धार्मिक कार्यक्रम किए जाएंगे।यह जानकारी देते हुए विकास समिति के अध्यक्ष रमेश शर्मा ने बताया कि इस अवसर 17 अप्रैल बुधवार को भगवान राम लला सरकार का जन्मोत्सव रामनवमी पर्व और माता जी की नवमी के शुभ अवसर पर मंदिर परिसर में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सभी प्रतिमाओं का विशेष श्रृंगार राजेश पुजारी द्वारा किया जाएगा। माता जी की और राम दरबार की विशेष आरती, ढोल नगाड़ों के साथ की जाएगी। इस अवसर पर ठीक मध्यान्ह 12 महा आरती का आयोजन होगा। महा आरती के बाद रामलला सरकार का जन्मोत्सव मावे का केक काटकर मनाया जायेगा और कन्याओं को भोजन कराया जाएगा।मंदिर विकास समिति के सदस्य अमरचंद, अशोक, राकेश, मोहन सिंह, प्रह्लाद राय, बजरंग लाल आदि को कार्यक्रम की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# स्वामी विवेकानंद तरणताल आज से होगा नियमित संचालित

**भीलवाड़ा, (निसं)।** स्वामी विवेकानंद तरणताल आगामी 17 अप्रैल बुधवार से आम जनता के लिए नियमित रूप से प्रारंभ कर दिया जाएगा। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण की जा रही है। जिला कलक्टर नमित मेहता की अभिनव पहल से इस बार तरण ताल नए रूप में प्रारंभ होने जा रहा है।

जिला खेल अधिकारी ओमप्रकाश गुर्जर ने जानकारी देते हुए बताया कि तरणताल का संचालन दोनों समय विभिन्न अलग-अलग पारियों में जिला खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र पर कार्यरत तैराकी प्रशिक्षक हेमेंद्र सिंह राणावत की देखरेख में किया जाएगा। तरण ताल पर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के तैराकों एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान तैराकों को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि तरण ताल में प्रवेश के लिए मासिक शुल्क 10 वर्ष तक के बच्चों के लिए 1 हजार रूपये एवं उससे बड़ों के लिए 1 हजार 200 सौ रूपये रखा गया है। पहला बैच प्रातः 6:20 से 7:00 बजे तक, प्रातः 7:10 से प्रातः 7:50 तक, प्रातः 8:00 से प्रातः 8:40 तक कॉमन बैच होंगे। जिसमें महिला, पुरुष एवं बच्चे सभी प्रवेश ले सकते हैं।

प्रातः 8:50 से प्रातः9:30 बजे तक केवल महिलाओं के लिए बैच सुरक्षित रखा गया है। इसी तरह सायं 4:00 से सायं 4:40 तक, सायं 4:50 से 5:30 तक, सायं 5:40 से 6:20 तक, सायं 6:30 से 7:10 तक एवं अंतिम बैच सायं 7:20 से 8:00 बजे तक चलेगा। यह सभी कॉमन बैच होंगे। और अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 6367155245 पर संपर्क किया जा सकता है।

## 20 कार्मिकों को थमाए नोटिस

**उदयपुर, (कासं)।** लोकसभा आम चुनाव के तहत मतदान दलों का द्वितीय प्रशिक्षण सत्र प्रारंभ हो चुका है। प्रशिक्षणों से गैर हाजिर रहने वाले अथवा विलंब से पहुंचने वाले कार्मिकों को लेकर जिला प्रशासन सख्त रूख अपना रहा है। दो दिन में 20 कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस जारी किये गये है।मतदान दलों में शामिल पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी प्रथम का द्वितीय प्रशिक्षण 15 एवं 16 अप्रैल को माणिक्यलाल वर्मा श्रमजीवी महाविद्यालय तथा राजकीय फतह उमावि परिसर में जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में हुआ।

कार्मिक प्रकोष्ठ प्रभारी कीर्ति राठौड़, सहायक प्रभारी डॉ मजहर हुसैन व चंद्रवीरसिंह चौहान ने प्रशिक्षण केंद्रों का निरीक्षण किया। मंगलवार को विलम्ब से उपस्थित होने वाले 5 कार्मिकों को नोटिस जारी किए गए, वहीं इससे पूर्व सोमवार को 15 कार्मिकों को नोटिस जारी किये गये। प्रभारी अधिकारी राठौड़ ने बताया कि द्वितीय प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी को 21 अप्रैल को श्रमजीव महाविद्यालय में प्रस्तावित प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से भाग लेना है।

# 72 कांग्रेसी व अन्य सदस्यों ने भाजपा की सदस्यता ली

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर के भाजपा कार्यालय में कांग्रेस एवं अन्य दलों के 72 कार्यकर्ताओं ने मंगलवार भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश सह प्रभारी विजय राहटकर के सानिध्य में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर राष्ट्रीय हित में भाजपा के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

भाजपा मीडिया संभाग प्रभारी चंचल अग्रवाल ने बताया कि भाजपा देहात जिला द्वारा देहात जिला अध्यक्ष चंद्रगुप्त सिंह शहर जिला अध्यक्ष रवींद्र श्रीमाली देहात जिला महामंत्री दीपक शर्मा के अथक प्रयासों से भारतीय जनता पार्टी परिवार में 72 से अधिक कांग्रेस सहित अन्य दलों के कार्यकर्ता आज सम्मिलित हुए जिनमे कांग्रेस के जनप्रतिनिधी, वर्तमान सरपंच, 2 पूर्व विश्वविद्यालय अध्यक्ष, बैंक मैनेजर, सामाजिक व राजनीतिक संगठन पदाधिकारी, रिटायर्ड प्रशासनिक अधिकारीगण को भाजपा का दुपट्टा पहनाकर सदस्यता दिलाई। इनमें चेतानपुरी गोस्वामी कांग्रेस देहात जिला प्रवक्ता एवं पूर्व महासचिव बार एसोसिएशन उदयपुर, अनुराधा दुबे पूर्व अध्यक्ष भारत विकास परिषद उदयपुर,



भाजपा राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश सह प्रभारी विजया रहाटकर की मौजूदगी में हुआ सदस्यता समारोह।

नरेंद्र सिंह दाधिवाडिया पूर्व विकास अधिकारी, चतुर्भुज मीणा रीजनल मैनेजर राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक, शिवनारायण पालीवाल गोगुंदा मंडल के पूर्व मंडल अध्यक्ष, नरेश टेलर उप सरपंच पंचायत समिति सायरा दिलीप सिंह चौहान अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं तैराकी कोच, राजेश तेली धर्मेंद्र पालीवाल पूर्व महासचिव बार एसोसिएशन गोगुंदा, अमित पालीवाल सुविवि छात्रसंघ पूर्व अध्यक्ष एवं युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष, लहरी बाई सरपंच प्रकाश पुरोहित तीन बार के मंडल अध्यक्ष पूर्व पंचायत समिति सदस्य भोपल सिंह राव पूर्व पंचायत समिति सदस्य, दिलीप जोशी सुविवि छात्रसंघ पूर्व अध्यक्ष सीएसएस के संस्थापक सदस्य, सूर्य प्रकाश सुहाल्का कलाल महासभा के महामंत्री, ओमप्रकाश बार्बर जिला अध्यक्ष सेन समाज विकास संस्थान आदि को भाजपा में शामिल हुए।

## मतदाता जागरूकता के लिए सतरंगी सप्ताह

**ब्यावर, (निसं)।** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी गौरव बुडानिया के नेतृत्व में लोकसभा आम चुनाव में मतदान प्रतिशत अधिक से अधिक हो इसके लिए स्वीप के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आओ बूथ चले कार्यक्रम के साथ सभी मतदाताओं को बीएलओ एवम् आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से मतदाता पर्चियां बाटी गई ।

गौरतलब है की अजमेर स्वीप एक्सप्रेस का तीसरा संस्करण भी आगया है जिसे विभिन्न कार्यालयों में वितरित किया जाएगा। इसके साथ ही कल से सतरंगी सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। स्वीप प्रभारी महेंद्र सांखला के अनुसार सतरंगी सप्ताह के तहत इंक्लूसिव वोकेथोन, रंगोली, वोट बारात, दीपदान, ट्राइसाइकिल रैली, मैराथन रैली आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। अलग-अलग रंग की थीम के अनुसार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिनका मुख्य उद्देश्य सभी मतदाताओं को यह संदेश देना रहेगा की 26 अप्रैल के दिन ब्यावर क्षेत्र में अधिक से अधिक मतदान हो। बुधवार को एसडीएम परिसर में बैंड वादन के साथ ही सतरंगी सप्ताह का आगाज किया जाएगा।

# मतदाता जागरूकता रैली का हुआ आयोजन

■ छात्रों और विद्यालय स्टाफ में मतदान की शपथ दिलवाई गई

**अजमेर, (कासं)।** लोकसभा आम चुनाव-2024 में स्वीप कार्यक्रम के तहत विधानसभा क्षेत्रा अजमेर दक्षिण 101 के द्वारा मंगलवार 16 अप्रेल को उपखण्ड अधिकारी शिवाक्षी खांडल के निर्देशन में न्यून मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्र राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तोपदड़ा में चुनाव संबंधी प्रश्नों का आयोजन किया गया।

विद्यालय के संस्था प्रधान द्वारा छात्रों को प्रेरित किया गया कि वह सभी छात्रा अपने घर जाकर अपने अभिभावक माता-पिता पास पड़ोस में रहने वाले सभी नागरिकों को 26 अप्रैल को मतदान केंद्र पर आवश्यकरूप से जाने के लिए प्रेरित करें और हो सके तो साथ लेकर जाए। आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी उपलब्ध करावे वह घर वालों के लिए जिद करें कि मतदान आवश्यक रूप से ही करना है। विद्यालय छात्रों और विद्यालय के स्टाफ में सभी को मतदान करने की शपथ दिलवाई गई। मतदान संबंधित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित की गई। सी-विजिल एप, सक्षम एप, केवाईसी एप, वोटर हेल्प लाईन एप आदि की जानकार दी गई।साथ ही जितना संभव हो सके मतदान केंद्र पर अपना वालंटियर के रूप में सहयोग देना है। अंत में स्वीप कार्यक्रम का समापन सभी अधिकारी कर्मचारी व छात्रो द्वारा स्थानीय विद्यालय से रैली का आयोजन करके स्थानीय नागरिकों को मतदान के लिए आहवान किया गया। सभी अपना शत प्रतिशत मतदान करें। रैली स्थानीय विद्यालय से होते हुए सिंधी तोपदड़ा, पाल बिचला व विद्यालय के परिक्षेत्रा में होते हुए पुनः स्थानीय विद्यालय में समापन किया गया।

स्वीप प्रभारी वीना अठावत, संजय मुद्गल, रामकिशोर तिवारी, जयप्रकाश शर्मा, महेंद्र कुमार सुपरवाइजर एवम समस्त बीएलओ एव बीएजी सदस्य ने कार्यक्रम में भाग लिया।

## सतरंगी सप्ताह के तहत लोक नृत्य कार्यक्रम आज

**अजमेर, (कासं)।** लोकसभा आम चुनाव-2024 में आमजन की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं सहभागिता कार्यक्रम-स्वीप के तहत सतरंगी सप्ताह के प्रथम दिन 17 अप्रेल को लोक नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं स्वीप प्रभारी अभिषेक खन्ना ने बताया कि ट्रांसजेण्डर, घुमन्तु एवं अर्द्ध घुमन्तु समुह के मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सांसी बस्ती भगवानगंज में प्रातः 10 से बैंगनी कलर थीम एवं हम भी नाचेंगे गाएंगे वोट डालकर आएंगे नारे के साथ लोक नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें 21 विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भाग लेंगे।

# जल मंदिर का शुभारम्भ किया

**बिजयनगर, (निसं)।** भारत विकास परिषद मुख्य शाखा के तत्वाधान में सेवा प्रकल्प के तहत गर्मी के मौसम में राहगीरों को शीतल पेय जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मंगलवार को अस्थाई जल मंदिर का शुभारंभ किया गया। भारत विकास परिषद् मुख्य शाखा बिजयनगर द्वारा प्रथम जल मंदिर कोगटा मेडिकल स्टोर विवेकानन्द चौराया व दूसरा जल मंदिर शक्ति टैडर्स महावीर बाजार बिजयनगर में शुभारम्भ किया गया।

इस अवसर पर भारत विकास परिषद के दिनेश कोगटा पूर्व प्रान्तीय अध्यक्ष मध्य प्रान्त, डी सी जैन,एस एन जोशी शाखा अध्यक्ष, विमल भंसाली वित्त सचिव, जितेन्द्र पीपाड़ा, निर्मल बाफना, वीरचन्द जैन राजेंद्र वर्मा सहित भारत विकास परिषद के पदाधिकारी सदस्य उपस्थित रहे।



भारत विकास परिषद द्वारा अस्थाई जल मंदिर का शुभारंभ।